
# नव भारत


5 वाराणसी में देव दीपावली का भव्य उत्सव


6 ट्रंप ने भारत के लिए बड़ा परमाणु अवसर पैदा किया


7 विकास के लिए आर्थिक सुधार जरूरी


10 गॉफ की दमदार वापसी, पाओलिनी बाहर

# सीजीएम पर गिरी गाज

## सीएम डॉ. यादव ने विवादित सर्कुलर जारी करने वाले सीजीएम को हटाया

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 5 नवंबर. किसानों को 10 घंटे से अधिक बिजली देने पर संबंधित बिजली महकमे के अमले पर कार्रवाई करने संबंधी सर्कुलर जारी करने वाले मध्य क्षेत्र विद्युत कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक एके जैन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद हटा दिया गया है. उन्हें अब मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में नॉन कन्वेंशनल एनर्जी सेक्शन में पदस्थ किया गया है. इससे पहले आदेश प्रसारित होने के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गहरी नाराजगी जाहिर की.**

उन्होंने अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई को निर्देश दिए कि वे तत्काल संबंधित अधिकारी को हटाएं. मुख्यमंत्री ने संदेश जारी कर कहा कि किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है. किसानों के





कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है. किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस सर्कुलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्कुलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही विवादित सर्कुलर मामले से जुड़े संबंधित चीफ इंजीनियर को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार काबिज है. किसानों के समग्र उत्थान के लिए हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिजली आपूर्ति से संबंधित विवादित सर्कुलर को रद्द कर दिया गया है और इसे जारी करने वाले संबंधित अधिकारी पर भी विधि अनुरूप कार्रवाई की जा रही है. सीएम ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है. ये स्पष्ट है कि किसानों को 10 घंटे बिजली देना है.

### 10 घंटे से अधिक बिजली सप्लाई पर सैलरी काटने के दिए थे आदेश

बीते 3 नवंबर को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीजीएम एके जैन ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि किसानों को 10 घंटे से ज्यादा बिजली दी तो ऑपरेटर की सैलरी कटेगी. इस आदेश को कंपनी क्षेत्र के सभी जिलों में भेजा गया था. आदेश में यह भी उल्लेख था कि यदि किसी फीडर पर 10 घंटे से अधिक बिजली दी जाती है तो इसे नियमों के खिलाफ माना जाएगा.

# हरियाणा में 25 लाख वोटों की हेराफेरी

- लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आरोप
- 10 अलग-अलग बूथों पर 22 बार किया मतदान

**नई दिल्ली, 05 नवंबर (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा के पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर 25 लाख वोटों की गड़बड़ी की गई.**

गांधी ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग, भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह पर वोट चोरी कराने का आरोप लगाया. कहा कि विपक्ष के नेता के रूप में वोटर को जागृत कर लोकतंत्र को बचाना उनकी जिम्मेदारी है, क्योंकि आयोग विवरण नहीं देता है और न ही वेबसाइट पर फोटो दिखाता है. उन्होंने कहा वोट चोरी राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तर पर हो रही है.



उन्होंने मतदाता सूची में शामिल ब्राजील की महिला का जिक्र किया और चुनाव आयोग से पूछा कि यह महिला कौन है. उसकी उम्र कितनी है. वह कहां से है. उसके नाम पर हरियाणा में 10 अलग-अलग बूथों पर 22 बार मतदान किया गया.

चौंकाने वाली बात यह है कि वह महिला कथित तौर पर ब्राजील की रहने वाली है और वह एक ब्राजीलयाई मॉडल है. गांधी ने कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी हुए हैं और ये वोट कई तरह से चोरी किए गए. इसमें सबसे पहली चोरी 5,21,619 डुप्लीकेट मतदाता बनाकर हुई की है. दूसरी चोरी अमान्य पते वाले मतदाताओं के रूप में हुई है, जिनकी संख्या 93,174 है. तीसरे 19,26,351 बल्क वोटर हैं. चौथे स्थान पर फॉर्म 6 का दुरुपयोग कर बनाए गए अतिरिक्त वोटर और फॉर्म 7 का दुरुपयोग कर हटाए गए वोटर हैं. हरियाणा में दो करोड़ वोटर हैं और इनमें से 25 लाख 41 हजार 144 वोट चोरी हुए हैं.

### चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के हरियाणा विधानसभा के 2024 में हुए चुनावों में धांधली के आरोपों को नकारा. आयोग ने कहा है कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही थी और एक ही नाम से कई बार मतदान किया जा रहा था तो कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी. आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर कहीं कोई शिकायत नहीं है.

## एक नजर में



### अनिल की कॉर्पोरेट मामलों की जांच शुरू

**नयी दिल्ली.** बैंक लोन फर्जीवाड़े केस में फंसे अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप के लिए मुश्किलें और बढ़ गई हैं. केन्द्रीय जांच एजेंसियां- ईडी, सीबीआई और सेबी की पहले से चल रही जांचों के बीच अब कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ( एमसीए) ने एक नई जांच शुरू कर दी है. मंत्रालय ने समूह की कई कंपनियों, जैसे- रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर, रिलायंस कम्युनिकेशंस, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और सीएलई प्राइवेट लिमिटे में फंड के कथित दुरुपयोग और हेराफेरी की जांच के आदेश दिए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंत्रालय की प्रारंभिक जांच में कंपनी अधिनियम के तहत गंभीर गड़बड़ियों और बड़े पैमाने पर धन के गबन के संकेत मिले हैं. इस आधार पर मामला अब सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस को सौंप दिया गया है.

### अमेरिकी गोली चली तो हमारी बंदूकें भी गरजेंगी

**मैक्सिको सिटी.** वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी ऑफ वेनेजुएला के प्रस्ताव को मंजूरी दी और कहा कि अगर अमेरिका वेनेज़ुएला पर हमला करता है तो उनका देश सशस्त्र प्रतिरोध की नीति अपनाएगा। मेक्सिको सिटी से प्रसारित पार्टी कांग्रेस में अपने संबोधन के दौरान मादुरो ने कहा कि प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी को तुरंत कार्यान्वयन शुरू करना चाहिए, जिससे हर नागरिक शांतिपूर्वक, लेकिन दृढ़ता और साहस के साथ हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे। पार्टी के सम्मेलन का प्रसारण वेनेज़ुएला के टेलीविजन चैनल पर किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अखंडता, गरिमा और शांति की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और नागरिकों को संवैधानिक ढांचे में राष्ट्रीय रक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे अमेरिकी हमले की स्थिति में वे राष्ट्रीय और महाद्वीपीय स्तर पर सशस्त्र संघर्ष के लिए तैयार रहें।

### बिहार में 121 विस क्षेत्र में आज होगा मतदान

**पटना.** बिहार में विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में गुरुवार को मतदान होगा. आज मतदाता 1314 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे. मतदान के लिए तीन करोड़ 75 लाख मतदाता इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का उपयोग किया जाएगा. पहले चरण में सम्राट, तेजस्वी, विजय समेत कई नेताओं का भविष्य दांव पर है. प्रथम चरण में 06 नवंबर को मतदान का सामान्य समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा. सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर, मुंगेर और जमालपुर के अलावा सिमरी बख्तियारपुर ,महिषी और सूर्यगढ़ा के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही चलेगा.

## गुस्ताखी माफ




# मोदी का 'बहुत सम्मान' करते हैं ट्रंप

## व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा

**वॉशिंगटन, 05 नवम्बर. अमेरिका के व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं. उन्होंने बताया कि ट्रंप और मोदी के बीच अक्सर बातचीत होती रहती है.**

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक हैं और उन्हें दोनों देशों के बीच के रिश्तों पर गहरा विश्वास है. उन्होंने बताया कि ट्रंप और पीएम मोदी कई मुद्दों पर सीधी बातचीत करते हैं. उन्होंने कहा, मुझे पता है कि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बातचीत करते हैं.

लेविट ने हाल ही में व्हाइट



हाउस में मनाई गई दीपावली और सर्जियो गोर को अमेरिका के नए भारत राजदूत के रूप में नियुक्त किए जाने का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि यह सब ट्रंप के भारत के साथ मजबूत रिश्ते की इच्छा को दिखाता है, जो द्विपक्षीय संबंधों को लेकर काफी सकारात्मक और दृढ़ हैं.

### अमेरिका ने किया न्यूक्लियर मिसाइल टेस्ट

अमेरिकी वायुसेना का ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने कैलिफोर्निया से एक बिना हथियार वाली मिनटमैन III अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का टेस्ट लॉन्च किया. यह रेगुलर टेस्ट था. बता दें कि हाल ही में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, इसलिए अमेरिका को पीछे नहीं रहना चाहिए. उन्होंने पेंटागन को तुरंत परीक्षण शुरू करने को कहा. लेकिन ऊर्जा विभाग ने स्पष्ट किया कि अभी विस्फोट वाले परीक्षण नहीं होंगे.



### पीएम मोदी से मिली वर्ल्ड चैंपियन भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली, 05 नवंबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वर्ल्ड चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम से अपने आवास पर मुलाकात की. इस दौरान आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. वहीं टीम की खिलाड़ियों ने पीएम मोदी को स्पेशल जर्सी गिफ्ट की, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने साइन किए थे. भारतीय टीम के साथ बीसीसीआई प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास और कोच अमोल मजूमदार भी मौजूद रहे. बांग्लादेश के खिलाफ चोटिल होने वाली प्रतिका रावल व्हीलचेयर पर दिखीं. बता दें कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने रविवार को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप जीता था। यह भारतीय महिला टीम की पहली आईसीसी ट्रॉफी है।



### नर्मदा तवा संगम स्थल पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**नर्मदापुरम।** कार्तिक पूर्णिमा पर मोक्ष की कामना के साथ नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल एवं नर्मदा तटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई. वहीं इस स्थान पर हर साल लगाने वाले बांद्राभान मेले के लिए जिला प्रशासन की ओर से सारी व्यवस्थाएं की गई है. नर्मदा तट पर लाखों लोगों ने स्नान के साथ पूजन पाठ किया.

# मिर्जापुर में 2 बहनों समेत 6 महिलाएं ट्रेन से कटीं

## हावड़ा-कालका मेल ट्रेन की चपेट में आने से हादसा

**मिर्जापुर. चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह एक दुखद हादसा घटित हुआ. रेल लाइन पार करते समय हावड़ा-कालका मेल ट्रेन की चपेट में आने से छह महिला श्रद्धालुओं की जान चली गई. इस हादसे में शवों की स्थिति अत्यंत गंभीर थी, जिन्हें जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.**

सुबह लगभग सवा नौ बजे सोनभद्र की ओर से आने वाली गोमो-प्रयागराज बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंची. इसमें सवार श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए चुनार आई थी. प्लेटफार्म नंबर चार पर उतरने के बाद श्रद्धालु महिलाएं विपरीत दिशा में प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर जाने के लिए रेल लाइन पार करने लगी. इसी दौरान ट्रेन आने से यह हादसा हो गया. हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई.

यात्रियों और अन्य लोगों में चीख-पुकार सुनाई दी. जीआरपी और आरपीएफ ने तुरंत शवों को अपने कब्जे में लिया और घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी. इसके साथ ही जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी भी स्टेशन पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली.

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार की मौत


**शहपुरा (डिंडौरी)।** मडई मेले में शामिल होने जा रहे एक परिवार की चार जिंदगियां सड़क हादसे की भेंट चढ़ गईं। हादसा बुधवार अपरान्ह लगभग 3 बजे जबलपुर मार्ग पर ग्राम कोहानी देवरी से आगे बमबम नाला के पास हुआ, जहां मोटर साइकिल और ट्रेलर वाहन के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई. हादसे में दो महिला, एक पुरुष और एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। मोटर साइकिल जबलपुर की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 2944 से आमने- सामने भिड़ंत हो गई। हादसे का दृश्य इतना भयावह था कि मोटर साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार चारों लोग सड़क पर बिखर गए। टक्कर के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया। घटना में नान सिंह पिता बलदेव सिंह परस्ते उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम धनौली, चौकी बिछिया, थाना शहपुरा, सरोज पति नान सिंह परस्ते उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम धनौली, चौकी बिछिया, थाना शहपुरा,चंपा बाई पिता जेठू सिंह वरकड़े उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम शहदरा थाना कुंडम जिला जबलपुर, प्रिया परस्ते पिता अनूप परस्ते, उम्र लगभग 12 वर्ष की मौत हुई है।

भारतीयों में जशन | अमेरिका के चुनावों में तीन भारतीय मूल के व्यक्तियों ने लहराया जीत का परचम

# जोहरान न्यूयॉर्क के और आफताब सिनसिनाटी के मेयर

**न्यूयॉर्क, 05 नवंबर (वार्ता) अमेरिका में स्थानीय चुनावों में तीन भारतीय-मूल के व्यक्तियों ने जीत का परचम लहराया है. स्थानीय चुनावों के बुधवार को घोषित हुए नतीजों में जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर और आफताब प्यूरवल सिनसिनाटी शहर के मेयर चुने गए हैं जबकि गजाला हाशमी वर्जीनिया की लेफ्टिनेंट गवर्नर चुनी गई हैं.**

जोहरान ममदानी (34 वर्ष) न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद का चुनाव जीतने वाले पहले भारतीय मूल के मुसलमान हैं.






उन्होंने न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को भारी मतों से हराकर यह इतिहास रचा है. डेमोक्रेट पार्टी उम्मीदवार ममदानी को कुल मतों का 50.4 प्रतिशत मत हासिल हुआ, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी कुओमो केवल 41.4 प्रतिशत मत ही हासिल कर पाए.

ममदानी गुजराती-मूल के पिता महमूद ममदानी और मशहूर फिल्मकार मीरा नायर के बेटे हैं. उनका जन्म युगांडा में हुआ था, जहां उनके प्रोफेसर पिता कार्यरत थे. वह फिलहाल न्यूयॉर्क राज्य के विधान सभा के सदस्य हैं. न्यूयॉर्क के सिटी हॉल में अपने जीत का जश्न मनाते हुए उन्होंने कहा, राजनीतिक अंधकार के इस क्षण में, न्यूयॉर्क एक रोशनी की तरह होगा. उन्होंने अमेरिका में फैले नस्लवादी जहर पर स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि वह युवा हैं, डेमौक्रेट सोश्लिस्ट है, एक मुसलमान हैं. उन्होंने कहा और इनमें से कुछ भी होने के लिए मैं माफी नहीं मांगूगा.

इसी के साथ ओहायो प्रांत में सिनसिनाटी शहर में डेमोक्रेट उम्मीदवार आफताब प्यूरवल ने लगातार दूसरी बार मेयर का चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया है. उन्होंने अमेरिका के उप-राष्ट्रपति के सतौले भाई और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कोरी बोमन को हरा कर यह जीत हासिल की. वर्जीनिया में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार गजाला हाशमी ने पहली भारतीय-मूल और पहली मुस्लिम महिला लेफ्टिनेंट गवर्नर बनने का गौरव हासिल किया. हाशमी का जन्म हैदराबाद में हुआ था और वे 1970 के दशक में अमेरिका आई थीं.



# विमान क्रैश में 7 लोगों की मौत

**लुईसविले/अमेरिका, 05 नवम्बर.** एक कार्गो विमान उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हवाई की ओर जा रहे फ्लाइट ने लुईसविले मुहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी. हादसे में 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं. अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन ने बताया कि दुर्घटना के बाद एयरपोर्ट को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है. जांच की जिम्मेदारी नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड को सौंपी गई है, जो हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एयरपोर्ट के पास आसमान में काले धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दे रहा है, जिससे आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई. केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने मंगलवार को लुईसविले हुई दुर्घटना पर एक्स पर लिखा, लुईसविले से आई खबर बहुत दुखद है.